दैनिक जागरण 16-12-2022

# दुर्घटनाओं से बचना व बचाना हमारी जिम्मेदारी : करनैल सिंह



अवेयरनेस कैंप में मौजूद जीएमएन कालेज के कैडेट। ● विज्ञप्ति।

**अंबाला** : जीएमएन कालेज में ट्रैफिक पुलिस, अंबाला के सहयोग से एनसीसी कैडेट्स के लिए ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस अंबाला से करनैल सिंह ने रोड़ सेफ्टी के बारे में कैडेट्स को जागरूक किया। कैडेट्स को प्रदूषण, ओवरस्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइव, और लाइसेंस से संबंधित अनेक जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों को वाहन से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखने चाहिए और पकड़े जाने पर भागना नहीं चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। प्राचार्य डा. वीके जैन ने कैडेट्स को कहा कि युवा वर्ग में जोखिम लेने की प्रवृत्ति ज्यादा होती है और इसी वजह से सड़कों पर दुर्घटनाएं भी ज्यादा होती हैं। उधर, कोज में कालेज के अंग्रेजी विभाग ने एमए अंग्रेजी (प्रथम एवं द्वितीय) अंग्रेजी आनर्स (प्रथम, द्वितीय, तृतीय) एवं अन्य के लिए अंग्रेजी साहित्य के महत्वपूर्ण उपन्यास प्राइड एंड प्रेज्यूडिश को चलचित्र के माध्यम से दिखाया। (**जासं**)